तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 12 अगस्त 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 तपस्वियों के बहुमान में जैन संघ ने करवाया पारणा ...



12 खल्लारी की कार्यशाला में तिरंगा यात्रा पर चर्चा



श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# मानसून पर लगा ब्रेक, बढ़ी किसानों की चिंता, पानी के कमी से सूखने लगी फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिछले सप्ताह भर से क्षेत्र में बारिश नही हुई है। वहीं भीषण धूप ने भी खेतों में पानी को सुखाने का काम किया। अब किसानों के माथे में बल पड़ने लगे हैं, आगामी दिनों में बारिश न हुई तो फसल बचाने की परेशानी का सामना करना होगा। पानी की कमी के चलते अब खेतों में दरारें पड़नी शुरु हो गई हैं और धान के पौधे सूखने लगे हैं।

हालांकि किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए कोडार बांध से पानी छोड़ा गया है। जिले में किसानों द्वारा धान की फसल बड़े रकबे में लिया जाता है लेकिन, शुरुआती दौर में ही मानसून की बेरुखी से किसान हलकान हो गए हैं। सावन के अंतिम सप्ताह में कम बारिश हुई। एक जून से अब तक जिले में 545 मिमी बारिश हुई है। महासमुंद में 494 मिमी, सरायपाली में 561 मिमी, बसना में 536 मिमी, पिथौरा में 749 मिमी, बागबाहरा में 487 मिमी, कोमाखान में 443 मिमी बारिश दर्ज की गई है। 10 अगस्त को कोमाखान क्षेत्र क्षेत्र में 13 मिमी बारिश दर्ज की गई। जिले के सभी क्षेत्रों में बरसाती खरीफ फसल की बुआई लगभग ढेड़ से दो माह हो गए है। वहीं मानसून पर निर्भर आधे से ज्यादा भर्री और दादरखार है इनमें से आधे हिस्सा में छोटे हरुना किस्म के धान की बुआई किया गया है। क्षेत्र में बियासी के बाद निंदाई चलाई व खाद एवं दवाई का छिड़काव चल रहा है। क्षेत्र के किसानों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन की बारिश के बाद मानसून पर ब्रेक लगने से फसलों को बचाना मुश्किल साबित हो रहा है।

## पानी की कमी के चलते अब खेतों में पड़ रहीं दरारें

### खाद एवं दवाई छिड़काव के लिए खेतों पानी जरूरी

क्षेत्र के बहुत सें किसान खुर्रा बोनी के साथ रोपा पद्घति से धान फसल लगाते हैं। इस पद्घति में अधिक पानी की जरूरत होती है। वहीं अभी क्षेत्र के किसान फसलों में दवाई एवं खाद छिड़काव कार्य में जुटे हैं। लेकिन, कुछ दिनों से बारिश नहीं होनें के कारण खेतों में पानी की कमी से खाद एवं दवाई के छिड़काव करने परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि खाद एवं दवाई खेत की मिट्टी में घुल नहीं पा रहे हैं जो फसल के लिए नुकसानदायक साबित होगा।



### किसानों को अकाल की चिंता

शुरू में बारिश ठीक थी, झमाझम बारिश भी हुई लेकिन विगत दिनों से कोई बारिश नहीं होने से किसान मायूस हो गए हैं। बारिश नहीं होने से गर्मी का मौसम जैसा महसूस हो रहा है। वर्षा नहीं होने से अभी भी जल स्तर नीचे है। किसानों का कहना है कि अगस्त में बारिश नहीं हो रही है तो आने वाले समय में यह परेशानी की सबब बन सकती है। गांव में खेतों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है, जिससे अकाल की आशंका जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम छोटेडाभा के पास एक कार की टक्कर से मोटर साइकिल चालक की मौत हो गई। मामले को लेकर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी तुलसीदास मिरी निवासी ग्राम डोंगरीपाली जिला बरगढ़ (ओडिशा) ने बताया कि 10 अगस्त को सूचना मिली कि उसका बड़ा भाई जगजीवन पिता भानू मिरी (42) ग्राम डोंगरीपाली का एक्सीडेंट हो गया है। बाद वह अपने पिता भानू मिरी के साथ बसना के सरकारी अस्पताल आया और देखा कि जगजीवन मिरी की मृत्यु हो गई थी। पूछताछ करने पर पता चला कि मेरा भाई बसना के वृंदावन कोसरिया के यहां अपने काम से आया था और वापस मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो क्रमांक ओडी 17 पी 5983 से बसना से अपने घर ग्राम डोंगरपाली ओडिशा जा रहा था कि करीबन 3.40 बजे के आसपास बसना पदमपुर रोड सरस्वती राईस इंडस्ट्रीज के सामने ग्राम छोटेडाभा के पास पहुंचा था तभी गढफुलझर की ओर से आ रही एक वैगनआर कार क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 4987 के चालक ने ठोकर मार दी।

### आयोजन: सिंदूर पार्क कार्यक्रम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

# दुर्गापाली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत किया रूद्राक्ष पौधे का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बसना विकासखंड के ग्राम दुर्गापाली में आज एक पेड़ मां के नाम एवं चरण पादुका वितरण कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। मुख्यमंत्रीविष्णु देव साय ने यहां देव वृक्ष रुद्राक्ष का पौधरोपण किया एवं 50 तेंदूपत्ता हितग्राहियों को चरण पादुका वितरण किया। उन्होंने अपनी माता जी जसमनी देवी के नाम से वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर




राजस्व मंत्रीटंकराम वर्मा, जगदलपुर विधायककिरण सिंह देव, उत्तर रायपुर विधानसभा के विधायकपुरंदर मिश्रा, बसना विधायकसंपत अग्रवाल, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, अजय जामवाल,रायपुर नगर निगम की अध्यक्ष मिनल चौबे, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, महिला आयोग की अध्यक्ष सरला कोसरिया,येतराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती मिलो पटेल, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, कलेक्टर विनय लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, मंडलाधिकारी मयंक पांडेय, जिला अधिकारी व जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

दुर्गापाली स्थित सिंदूर पार्क में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शहीदों की स्मृति में सवा दो एकड़ भूमि पर 501 पौधे लगाने की अनूठी संकल्प को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान मिला है।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम ने मुख्यमंत्रीविष्णुदेव साय को इस आशय का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### पर्यावरण संरक्षण, मातृत्व सम्मान और शहीदों की स्मृति तीनों का संगमः विष्णु देव साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, मातृत्व सम्मान और शहीदों की स्मृति तीनों का संगम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों ने समाज में नई ऊर्जा और सुरक्षा का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने 22 अप्रैल 2025 को तीर्थाटन के दौरान शहीद हुए दिनेश मिरानी के बलिदान को नमन किया और कहा कि उनकी स्मृति में किए जा रहे कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देंगे। इस अवसर पर उनकी शहीद पत्नी नेहा अग्रवाल का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधायकपुरंदर मिश्रा द्वारा सिंदूर पार्क की स्थापना पर उन्हें विशेष बधाई दी। उन्होंने पुरंदर मिश्रा के जीवन संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि कम उम्र में पिता के निधन के बाद भी उनकी माता के आशीर्वाद और प्रेरणा से उन्होंने शिक्षा हासिल कर समाज सेवा में अपना योगदान दिया।

# कौंदकेरा में दो पक्षों के बीच मारपीट आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज

**महासमुंद।** पारिवारिक विवाद को लेकर ग्राम कौंदकेरा में दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रार्थी परस राम बंजारे निवासी कौंदकेरा ने बताया कि उसकी छोटी बहन सीमा की शादी लगभग03 वर्ष पूर्व पाटिल बाहरा नांदगांव निवासी राजेश सोनवानी पिता समारू सोनवानी के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुई। 8 अगस्त को उसकी छोटी बहन सीमा अपने बच्चेल को लेकर परिवारिक विवाद को लेकर मायके आ गयी थी। 10 अगस्त की सुबह लगभग 9 बजे उसका बहनोई दमाद राजेश सोनवानी अपने पिता समारू सोनवानी, भाई सोनू सोनवानी और जीजा चंद्रशेखर साहू को साथ लेकर अपनी पत्नी सीमा को साथ ले जाने उसके घर आया। इसी दौरान दामाद राजेश सोनवानी से मेरी बहन सीमा से लडाई-झगड़ा के संबंध में पूछताछ करने पर वाद विवाद करते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते मारपीट किया गया। वहीं राजेश के पिता एवं जीजा द्वारा भी मारपीट की गई। जब पिता श्रवण बंजारे, मां चुन्नी बंजारे एवं छोटी बहन सीमा सोनवानी ने बीच बचाव किया तब उन लोगो के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।दूसरी ओर प्रार्थी राजेश सोनवानी निवासी नांदगांव पाटिल बाहरा ने पुलिस को बताया उसकी पारिवारिक विवाद के बाद उसकी पत्नी सीमा सोनवानी बच्चे को लेकर 8 अगस्त को अपने मायके कौंदकेरा चली गयी थी। जिसे समझाकर लाने के लिए वह अपने पिता समारू सोनवानी, भाई सोनू सोनवानी, जीजा चंद्रशेखर साहू के साथ कौंदकेरा गया था। उसी समय डेढ़ साला परस बंजारे, ससुर श्रवण बंजारे, सास चुन्नी बाई बंजारे तुम सीमा को परेशान, मारपीट करते हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। है। इस दौरान उसकी पत्नी सीमा सोनवानी ने भी आकर मारपीट की। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



## खबर संक्षेप

### सशिमं में उत्साह के साथ मनाया रक्षाबंधन का पर्व

**कोमाखान।** सरस्वती शिशु मंदिर कोमाखान में रक्षाबंधन का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्य उषा सिंह ठाकुर द्वारा सरस्वती माता ओम एवं भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर रक्षासूत्र चढ़ाया गया। पश्चात सभी कक्षा के भाइयों की कलाइयों में बहनों ने राखी बांधकर रक्षा का संकल्प लिया। मध्य में विश्व आदिवासी दिवस पर कक्षा षष्ठ के भैया बहनों द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के आचार्यों को दीदियों ने राखी बांधी। अंत में मिष्ठान वितरण कर अवकाश दिया गया।

### बहनों ने भाइयों को बांधी राखी

**बिरकोनी।** बिरकोनी में भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके सुख, समृद्धि और लंबी आयु की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार और जीवनभर रक्षा करने का संकल्प लिया। सुबह से लेकर देर रात तक चहल-पहल बनी रही। कोई भाई का तो कोई बहन का इंतजार करते नजर आया। बहनें अपने भाइयों की आरती उतारकर राखी बांधी। भाईयों ने भी बहन की रक्षा का भरोसा दिलाया।

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भंवरपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर में स्नातक प्रथम वर्ष कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एसके साव ने कहा कि विद्यार्थी अभिरूचि के अनुसार महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषय का चयन करें। एनईपी प्रभारी एसके पटेल ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, कोर्स करिकुलम, क्रेडिट सिस्टम सीआईए इंटरनल असेसमेंट, असाइनमेंट आदि के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों को महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषय और उसके चयन से संबंधित जानकारी दी गई। उन्हें जेनेरिक इलेक्टिव व वैल्यू एडिशन कोर्स का चयन कराया गया।

### पूर्व सैनिकों के सम्मान में कलाई पर रक्षासूत्रः हुलसी

**महासमुंद।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर द्वारा की गई प्रेरणादायक पहल के तहत भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते हुए उनकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर देश के प्रति उनके असीम समर्पण को नमन किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष ने कहा, हमारे देश के वीर सपूतों ने देश की सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। वे 47 डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी में हो या बिजली कड़कती हुई बरसात में भी दिन-रात सीमा पर डटे रहकर हमारी और हमारी बहन-बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इस दौरान अखिल भारती पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला महासमुंद अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, सचिव केएल सोनी, प्रदीप कुमार चंद्राकर, रविंदर नायक, सहदेव राम के कलाई पर रक्षासूत्र बांध कर सम्मान किया।

# राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा एम-पैक्स के व्यापार विविधीकरण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा गुरुवार को एम-पैक्स के व्यापार विविधीकरण विषय पर एक दिवसीय भौतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 एवं सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंत्रालय की 60 नई पहलों में से एक के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न पैक्स के 100 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पैक्स एवं एफपीओ सदस्यों को व्यापार विविधीकरण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम के संयोजक एवं एनसीडीसी क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के क्षेत्रीय निदेशक किंचित जोशी ने प्रतिभागियों को सत्रों को ध्यानपूर्वक सुनने, समझने एवं विषय विशेषज्ञों से प्रश्न पूछने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने एनसीडीसी की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत



उपयुक्त प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने का भी आवाहन किया। विशिष्ट अतिथि द्वारिका नाथ, उपायुक्त (सहकारिता) एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, महासमुंद ने सहकारिता मंत्रालय की पहलें, मॉडल उपनियम, सीएसी संचालन तथा पैक्स कंप्यूटरीकरण पर व्याख्यान दिया। दूसरे सत्र में अविनाश शर्मा, नोडल अधिकारी, डीसीसीबी रायपुर शाखा महासमुंद ने एम-पैक्स पर अपने विचार साझा किए। वहीं, प्रियव्रत साहू, डीडीएम नाबार्ड, महासमुंद ने कृषि यंत्रीकरण, गोदाम निर्माण, मत्स्य पालन, डेयरी आदि क्षेत्रों में उद्यमिता विकास के अवसरों पर चर्चा की।

अंतिम सत्र में एनसीडीसी की विभिन्न योजनाओं एवं वित्तीय सहायता की रूपरेखा पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा उपयुक्त प्रस्ताव सृजन हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही एनसीडीसी क्षेत्रीय पुरस्कार 2025 के लिए शीघ्र आवेदन भेजने का आह्वान भी किया गया।

## समस्या : आसपास के आम लोगों और बच्चों के लिए भी जानलेवा खतरा

# विद्युत केंद्र की लापरवाहीः बाउंड्रीवाल जर्जर, कभी भी हो सकता है हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

झलप स्थित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण केंद्र में वितरण ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा के लिए बनाई गई बाउंड्रीवाल अब खुद खतरे का कारण बन चुकी है। दीवारें जगह-जगह से टूटी और झुकी हुई हैं, लोहे की जाली जंग खा चुकी है, जिससे अंदर हाई-वोल्टेज उपकरण पूरी तरह खुले पड़े हैं। यह स्थिति न सिर्फ कर्मचारियों, बल्कि आसपास के आम लोगों और बच्चों के लिए भी जानलेवा खतरा बनी हुई है।

बरसात के मौसम में करंट लीकेज और शॉर्ट सर्किट का खतरा कई गुना बढ़ गया है, लेकिन, विभाग की ओर से मरम्मत या सुरक्षा इंतजामों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। समय रहते इस पर ध्यान नही दिए जाने पर यहां बड़ा हादसा होना की संभावना है।



झलप विद्युत वितरण केंद्र से सप्लाई वाले झलप, ढांक, सोनासिल्ली, पचरी, नरतोरा समेत आसपास के सैकड़ों गांव इन दिनों लो वोल्टेज की मार झेल रहे हैं। बारिश थमते ही समस्या और बढ़ गई है।

सरप्लस बिजली वाले राज्य में ग्रामीण एक ओर बढ़े टैरिफ से त्रस्त हैं। वहीं दूसरी ओर लो वोल्टेज की यह परेशानी उनके लिए गले की फांस बनी हुई है।

### ट्रांसफार्मर जलने की समस्या बढ़ गई

ग्रामीणों का कहना है कि ओवरलोड होने से ट्रांसफार्मर जलने की समस्या बढ़ गई है। विभाग द्वारा समय से ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं करने से लो वोल्टेज की समस्या बढ़ रही है। इसको लेकर उन्होंने विभाग को कई बार शिकायत दी, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। खेतों में लगी फसलों को पानी देने के लिए ट्यूबवेल चालू नहीं हो पा रहे, जिससे फसलें सूखने लगी हैं। गृहिणियों की मानें तो घर में पंखे, कूलर भी नहीं चल रहे हैं। किसानों ने चेताया कि अगर जल्द बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता नहीं सुधरी, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। वहीं, विभागीय अफसरों की चुप्पी ग्रामीणों के गुस्से को और भड़का रही है।

## बैठक में एसडीएम ने की विद्यालय गतिविधियों एवं अभिभावक सहभागिता की सराहना

**महासमुंद।** विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत गुरूवार को शासकीय उच्च प्राथमिक शाला खुसरूपाली (नवाडीह) में आयोजित पालक-शिक्षक मेगा बैठक में एसडीएम बागबाहरा उमेश कुमार साहू शामिल हुए। बैठक में उपस्थित अभिभावकों की बड़ी संख्या, विशेषकर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखकर एसडीएम साहू ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की और इसे बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत बताया।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अभिभावकों की बढ़ती सहभागिता बच्चों की शिक्षा और अनुशासन सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।बैठक के दौरान एसडीएम साहू ने प्रत्येक अभिभावक से व्यक्तिगत संवाद स्थापित किया और बच्चों की पढ़ाई, नियमित उपस्थिति, घर पर अध्ययन के माहौल और अभिभावकीय सहयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने, होमवर्क की निगरानी करने और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया।

इसके उपरांत उन्होंने विद्यालय की सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया, बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी शैक्षणिक स्थिति, विषय ज्ञान एवं सीखने की उत्सुकता का आकलन किया। बच्चों के आत्मविश्वासपूर्ण उत्तर और सीखने की ललक देखकर उन्होंने शिक्षकों की प्रशंसा की और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बनाए रखने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम साहू ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, अनुशासन व्यवस्था और शैक्षणिक वातावरण की विशेष रूप से प्रशंसा की। उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि इस व्यवस्था को निरंतर बनाए रखा जाए, ताकि बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ स्वच्छ वातावरण भी मिल सके। इस अवसर पर एबीईओ रामता डे और बीईओ बागबाहरा कौशल वर्मा भी उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में निरंतर सहयोग देने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और विद्यालय की गतिविधियों में सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया।

एसडीएम साहू ने कहा कि पालक-शिक्षक बैठक विद्यालय और अभिभावकों के बीच संवाद का सेतु है, जो बच्चों की शिक्षा, अनुशासन और सर्वांगीण विकास में सकारात्मक परिणाम देता है। उन्होंने विद्यालय की समग्र गतिविधियों को उत्कृष्ट बताते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी।

# गोड़बहाल में आपात बैठक, वन अधिकारी के कथनों का विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

गोड़बहाल ग्राम में आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्रामवासियों ने पिथौरा वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना द्वारा मीडिया में दिए गए कथनों और जयराम वर्मा पर की गई कथित अभद्र टिप्पणी का कड़ा विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारी के कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर सच्चाई स्पष्ट की जाए। उनका कहना है कि "यदि हमारे आरोप गलत साबित होते हैं तो हम सार्वजनिक माफी मांगेंगे, लेकिन यदि अधिकारी का व्यवहार गलत पाया गया तो उन्हें तत्काल पद से हटाया जाए।

बैठक में प्रभारी रेंजर द्वारा ऋण राशि को लेकर दिए गए बयानों पर भी आपत्ति जताई गई। ग्रामवासियों ने बताया कि प्रथम ऋण राशि 1.35 करोड़ में से 1.17 करोड़ पहले ही वापस किया जा चुका है और शेष राशि के लिए हर माह 1 लाख का भुगतान नियमित रूप से हो रहा है। इसी तरह, 15 लाख के द्वितीय ऋण में से 8.34 लाख वापस कर दिए गए हैं, जबकि यह ऋण अभी डेढ़ वर्ष पूर्व ही लिया गया था। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि ऋण भुगतान निर्धारित समय से आगे चल रहा है। ईंट निर्माण कार्य बंद होने के आरोप पर भी ग्रामवासियों ने सफाई दी कि यह कार्य केवल वोल्टेज समस्या के कारण रुका है और आवश्यक सामग्री स्थल पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के निराधार आरोप लगाकर हमारी छवि को ठेस पहुंचाई गई है। इसके साथ ही, बैठक में मजदूरी और सामग्री भुगतान एक वर्ष से लंबित होने के मुद्दे को भी उठाया गया और उसकी निष्पक्ष जांच की मांग की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि आरोपों की निष्पक्ष जांच नहीं की गई तो वे सामूहिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# गुड शेफर्ड स्कूल में मनाई गई भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ, विविध कार्यक्रम भी हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गुड शेफर्ड विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से भर उठा, जब विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर भारत छोड़ो आंदोलन की 83वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई। यह आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण मोड़ था।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को वर्ष 1942 में महात्मा गांधी द्वारा दिए गए ऐतिहासिक करो या मरो के आह्वान से अवगत कराना और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को सम्मान देना था।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा आठवीं के मोहम्मद कैफ ने प्रेरणादायक भाषण




दिया और अफरोज बेगम के निर्देशन में सारे जहां से अच्छा गीत की देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुति दी। भारत छोड़ो, अंग्रेजों भारत छोड़ो जैसे नारों से माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। कैथर, देवांशी, अरशलान, कामिल, शशांक, दुर्लभ, अरविश आदि बच्चों ने भारत मां, महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, रानी लक्ष्मीबाई, लाल बहादुर शास्त्री, वीर सैनिक के स्वरूप में प्रस्तुति दी।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मिताली गुरुंग ने अपने संबोधन में कहा, भारत छोड़ो आंदोलन केवल एक विरोध नहीं था, यह एक राष्ट्रीय जागृति थी। आइए हम उस भावना को जीवित रखें और जिम्मेदार नागरिक बनें। कार्यक्रम का समापन समूह गान वंदे मातरम् की सुंदर प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने सभी को प्रेरित और गौरवान्वित किया। इस आयोजन ने न केवल स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि नई पीढ़ी को एकता, साहस और शांति जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन मधु नामदेव एवं यास्मीन खान के सहयोग से हुआ।

## गुड शेफर्ड के नन्हे बच्चों ने दिया हरियाली जागरुकता का संदेश

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्री-प्राइमरी वर्ग के बच्चों ने पालकों की उपस्थिति में ग्रीन डे बड़े उत्साह और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ मनाया। छोटे बच्चों ने हरे रंग के विभिन्न वस्त्र पहनकर इस विशेष दिन को जीवंत बना दिया। कक्षाएं और गलियारों को पौधों, हरे रंग के गुब्बारों और पोस्टरों से सजाया गया, जो पेड़ों और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शा रहे थे। बच्चों ने पौधे लगाना, पत्तों की चित्रकारी और प्रकृति से जुड़े गीत गाने जैसी मजेदार और शिक्षाप्रद गतिविधियों में भाग लिया। दीपा कुमार के निर्देशन मंग धक-धक कर रही धरती मधुर गीत पर बच्चों ने प्रेरणादायक नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही जंगलों की अंधाधुंध कटाई को रोकने के लिए मनीषा निर्मलकर के निर्देशन में मार्मिक लघु नाटिका प्रस्तुत कर नन्हे कलाकारों ने सभी को भावविभोर कर दिया। शिक्षकों ने इस अवसर का उपयोग छात्रों को हरियाली और पारिस्थितिकी संतुलन के महत्व को समझाने के लिए किया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और संरक्षण की भावना विकसित करना था, ताकि वे समझ सकें कि पृथ्वी को बेहतर बनाने के लिए हर छोटा प्रयास मायने रखता है। प्राचार्य एम निवास राव ने प्री-प्रायमरी के प्यारे प्यारे बच्चों एवं समस्त स्टाफ को उनके आकर्षक आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में कलात्मक विकास के साथ वैचारिक विकास भी होता है। प्रधानाचार्य मिताली गुरुंग ने कार्यक्रम का समापन किया।

# देवरी एवं टेमरी संकुल के शिक्षकों को सांपों पर जनजागरुकता प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ भर में जारी जागरूकता अभियान के अंतर्गत महासमुंद जिले में जोंक नदी के पास स्थित टेमरी हाई स्कूल में शिक्षकों को सर्पदंश से जान बचाव अभियान से जोड़ने के लिए उक्त तथ्यों से अवगत कराया गया। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष तथा प्रशिक्षक, रिटायर्ड अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम ने बताया कि सांपों की सिर्फ चार प्रजाति ही जहरीली होती है। इन चारों प्रजातियों में नाग-एक चश्मिय और दो चश्मिय, करैत प्रजाति में सामान्य करैत और बैंडेड करैत, वाइपर प्रजाति में रसेल वाइपर, सा स्केल्ड वाइपर और ग्रीन पिट वाइपर और आख़िरी प्रजाति किंग कोबरा है। इन सभी में हमारे प्रदेश में सबसे



अधिक मौतें सामान्य करेत सांप के काटने से होती हैं। सामान्य करैत सांप ज्यादा बड़ा नहीं होता, बल्कि छोटा लगभग 70 से 90 सेंटीमीटर तक लंबा होता है। उन्होंने अपने डिजिटल प्रेजेंटेशन के दौरान शिक्षकों को चारों प्रजातियों के सांपों के चित्र दिखाया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सांप उन्हें खतरा महसूस होने पर काटता है। हमें करैत सांप के काटने से बचने के लिए जमीन पर नहीं सोना चाहिए। मच्छरदानी का उपयोग करना आवश्यक है। इसके अलावा हमें शाम को चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी अथवा छेना लाते समय भी सावधानी रखना चाहिए। रात को यदि हम अंधेरे में बाहर जा रहे हैं तो जूते पहने, टॉर्च जला कर चलें और किसी डंडे को रास्ते में पटकते हुए चलें। डंडे को पटकने से हुए वाईब्रेशन को महसूस कर सभी सांप हमसे दूर चले जाते हैं। इस प्रशिक्षण को देवरी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल डीएस टंडन ने संबोधित करते हुए शिक्षकों से अनुरोध किया कि सर्पदंश से बचाव की जानकारी वे अपने विद्यार्थियों को भी दें। ताकि यह अभियान वृहद रूप ले सकें। इस अवसर पर मिडिल स्कूल कसेकेरा के डॉ विजय शर्मा ने शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस प्रशिक्षण के दौरान 25 से अधिक शिक्षकों ने भागीदारी की। इसमें प्रधान पाठक भावसिंग ध्रुव, द्रोपदी, श्रद्धा महानंद, संतोष जलक्षत्रि, संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी, राधेश्याम निराला ने सवाल पूछे प्राचार्य शा हायर सेकेंडरी मदन पटेल ने प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए सभी का आभार प्रदर्शन किया।

# शाला विकास समिति की बैठक में समस्याओं पर की गई चर्चा

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान की अध्यक्षता में विद्यालय में पदस्थ समस्त शिक्षकों तथा कार्यालयीन कर्मचारियों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में समिति के सदस्यगण नीलम दीवान, अनुज पांडेय, सुनीता देवांगन, महेश मक्कड़, रितेश गोलछा भी उपस्थित थे। बैठक में संदीप दीवान ने कहा कि इस विद्यालय में पढ़ने वाले समस्त विद्यार्थियों के परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करने तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए सभी शिक्षकों को अपना शत प्रतिशत योगदान देना होगा। इसके लिए शाला विकास समिति द्वारा जो भी



सहयोग की आवश्यकता होगी वो हम पूरा करेंगे।

उन्होंने इस अवसर पर प्रत्येक शिक्षकों से बारी- बारी कर विद्यालय की विभिन्न आवश्यकताओं तथा समस्याओं की जानकारी ली तथा उनके निराकरण करने की बात कही। बैठक में प्राचार्य जी आर सिन्हा, वरिष्ठ व्याख्याता विमल मन्नाडे, तोषण गिरि गोस्वामी, संजय मांझी, ज्योति किरण चंद्राकर, तपस्या शर्मा, पूजा साहू, कीर्तन साहू, अनिता साहू, बेला मारू, दुर्गेश नंदिनी यदु, चंद्रशेखर मिथलेश, हेमंत खुंटे, छाया रंगारी, शशिकांत शर्मा, मनीषा श्रीवास्तव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध

- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्त्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### यात्री ट्रेनों के रद्द होने से आम जनता को हो रही परेशानीः झाबक

**महासमुंद**। ट्रेनों के विलंब से चलने की वजह से यात्रियों को हो रही परेशानी के चलते आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक, जितेंद्र साहू जिला उपाध्यक्ष, संजय यादव प्रदेश सचिव ने डीआरएम दक्षिण पूर्व रेलवे महासमुंद छत्तीसगढ़ को ज्ञापन सौंपा। झाबक ने बताया कि एसईसीआर द्वारा आने वाले कुछ दिनों में 26 एक्सप्रेस और 4 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया है। वहीं 6 ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा, 5 ट्रेनों को बीच स्टेशन पर ही रद्द कर दिया जाएगा। अभी त्यौहार का सीजन चल रहा है और आम जनता देश के इस सबसे बड़े परिवहन का उपयोग करती है, अगर इस तरह ट्रेनें रद्द होंगी तो यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वैसे भी बिलासपुर और रायपुर मंडल में पिछले 3 माह में लगभग 2000 ट्रेनें रद्द हो चुकीं हैं और टिकट कैंसिल से रेलवे को हर माह करोड़ों का नुकसान हो रहा है जबकि मालगाड़ी ट्रेनों का परिचालन नियमित हो रहा है, जो की आम जनता के प्रति रेलवे की अनदेखी है।

### नर्रा स्कूल परिसर में बनेगा 100 सीटर हॉस्टल

**नर्रा**। 100 सीटर हॉस्टल की स्वीकृत नर्रा शाला परिसर में मिलने से लोगों में हर्ष की लहर है। विदित हो कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान डीए-जेजीयूए अंतर्गत 271 लाख रुपए की राशि से 100 सीटर हॉस्टल का निर्माण किया जाना है, जो पूर्व में ग्राम मुड़पार में प्रस्तावित था। लेकिन, उसे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा से संबद्ध किया गया था, जो कि छोटे छोटे बच्चों के लिए अव्यवहारिक था। इस विसंगति की ओर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा पुरजोर तरीके से जिला प्रशासन के समक्ष उठाया गया। जिस पर जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से विचार करने के पश्चात निर्णय लिया गया कि उक्त 100 सीटर हॉस्टल का निर्माण संबद्ध शाला परिसर नर्रा में किया जाएगा। जिला प्रशासन के इस निर्णय से क्षेत्र के लोगों में हर्ष की लहर है।

## निधन

### विद्योतमा वानी

**महासमुंद**। शहर के इमली भाठा निवासी विद्योतमा वानी पति स्व. अर्नेस्ट फ्रैंकलिन वानी का रविवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार



11 अगस्त को इमली भाठा स्थित मसीही कब्रिस्तान में किया गया। वे अवनीश, स्व. आशीष, स्व. मनीष, प्रभात, दिव्यमेव, अमृतांशु वानी की माता तथा अप्रतिम, सुप्रतिम, एमी, शायशुभ, अगम्य, अनाह, दक्षता वानी की दादी थीं।

# विश्व आदिवासी दिवस पर निकली रैली का अंकित ने पुष्पवर्षा कर गिया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अंकित बागबाहरा ने बागबाहरा मुख्य मार्ग में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में निकली भव्य शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। साथ ही समाजजनों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात अंकित बागबाहरा कोमाखान में आदिवासी समाज के कार्यक्रम में आमंत्रण पश्चात पहुंचे। जहां मंच में स्वागत पश्चात अपने संक्षिप्त उद्बोधन में अंकित ने कहा कि आज बहुत सौभाग्य की बात है कि आज विश्व आदिवासी दिवस के दिन, रक्षा बंधन भी है, भोजली भी है और अंग्रेजों भारत जोड़ो के शुरुआत का दिन है। साथ ही युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस है।

अंकित ने कहा कि जैसे रक्षाबंधन के संकल्प में मृत्यु के देवता यम ने यामिनी की रक्षा की, कृष्ण ने द्रोपदी की रक्षा की वैसे ही सर्व आदिवासी समाज मिलकर पेड़ों की रक्षा का संकल्प ले। क्योंकि, आज प्रदेश में कई लाख पेड़ काटे जा रहे हैं और आदिवासी समाज अनादिकाल से जंगल में रहने वाला, प्रकृतिप्रेमी समाज है,



जिसकी पूजा पाठ से लेकर गोत्र, खान पान सब प्रकृति से जुड़ा है, और प्रकृति की सुंदरता से लेकर मजबूती इसके पेड़ों पर आश्रित है तो पेड़ों को बचाना अत्यंत आवश्यक है। आज समाज संकल्प ले कि समाज को रक्षासूत्र बांधना है और जंगल की रक्षा का संकल्प लेना है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर समाज प्रमुख भीखम ठाकुर, बसंता ठाकुर, राजकुमार ध्रुव, मुकेश ठाकुर, थानसिंह दीवान, तुलसी दीवान, माखन सोन, देवसिंग ठाकुर, अरुण, ओंकार ठाकुर, सुरेंद्र मांझी, नोहर, तूफान दीवान, नीलकंठ, वाजिद खान, नारायण ठाकुर, डोमन ठाकुर, राजू ठाकुर, भरत ठाकुर, रोहित ठाकुर, खेमराज ठाकुर, मोहर ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाजजन के साथ राजू यादव, डेमन ठाकुर, मोनू ध्रुव, नेमी चंद्राकर, देवानंद साहू, ज्योतिष पटेल, बजरंगी यादव, कृष्णा हरपाल, अर्जुन जगवानी, सुरेश पटेल, ज्योतिष पटेल, हीरा दास टंडन, संत कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन स्वागत करने उपस्थित थे।

## समस्या : छत्तीसगढ़ में जीरो पॉवर कट का दावा खोखला

# लो वोल्टेज और बिजली की आंख मिचौनी से भंवरपुर सागरपाली के क्षेत्रवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

बसना ब्लॉक के भंवरपुर और सागरपाली क्षेत्रों में बिजली की अनियमित आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। गर्मी और उमस भरे मौसम में बिजली की आंख मिचौली ने लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। सरकार और बिजली विभाग द्वारा जीरो पावर कट का दावा किया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। भंवरपुर और सागरपाली जैसे क्षेत्रों में बिजली की स्थिति इतनी खराब है कि लोग रातों को जागने और दिन में परेशानियों का सामना करने को मजबूर हैं।

सागरपाली व भंवरपुर गांवों में बिजली सब स्टेशन गांव में ही होने के बावजूद लो वोल्टेज की समस्या और गंभीर हो जाती है। भंवरपुर सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति होने के बावजूद, पुराने और जर्जर तारों के कारण बिजली की आपूर्ति में बाधा आ रही है। कई बार तो बिजली पूरी तरह गुल हो जाती है, और जब आती है, तो वोल्टेज इतना कम होता है कि उपकरण चलाना मुश्किल हो जाता है। बरसात के मौसम में तारों और ट्रांसफार्मरों में खराबी की समस्या और बढ़ जाती है। बारिश के कारण शॉर्ट सर्किट और ट्रांसफार्मर के खराब होने की घटनाएं आम हो गई हैं। इसके अलावा, बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही भी एक बड़ा कारण है। कई बार शिकायतों का समाधान करने में देरी होती है, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ रहा है।



### जनजीवन पर प्रभाव

लो वोल्टेज और बिजली कटौती का सबसे ज्यादा असर किसानों, छात्रों और छोटे व्यवसायियों पर पड़ रहा है। भंवरपुर और सागरपाली जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में किसान धान की रोपाई और सिंचाई के लिए बिजली पर निर्भर हैं। लो वोल्टेज के कारण ट्यूबवेल और पंप काम नहीं करते, जिससे फसलें चौपट होने का खतरा बढ़ गया है। भंवरपुर क्षेत्र में किसानों ने बताया कि बिजली की कमी के कारण उनकी फसलें सूख रही हैं, जिससे उनकी आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। रात में लो वोल्टेज के कारण बल्ब और पंखे काम नहीं करते, जिससे पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। छोटे व्यवसायी, दुकानदार और लघु उद्योग चलाने वाले, भी बिजली की कमी के कारण नुकसान उठा रहे हैं। उमस भरी गर्मी में बिजली की अनुपस्थिति ने बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डाला है।

भंवरपुर और सागरपाली में लो वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सरकार का जीरो पॉवर कट का दावा जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। किसानों, छात्रों और आम लोगों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं, और बिजली विभाग की लापरवाही ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इस समस्या का समाधान तभी संभव है जब बुनियादी ढांचे में सुधार, वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग और शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत किया जाए। जब तक ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक भंवरपुर और सागरपाली के निवासी उमस भरी गर्मी और बिजली की आंख मिचौली से जूझते रहेंगे।

# एक पेड़ मां के नाम लगाने वालों ने फिर दी 6 लाख पेड़ काटने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व

■ 1742 .60 हेक्टेयर में फैले वन क्षेत्र को काटने की अनुमति

महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा की साय सरकार द्वारा हसदेव अरण्य के केते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक में अडाणी को जंगल काटने की एक और अनुमति दिए जाने के निर्णय को प्रदेश वासियों के साथ धोखा तथा प्रदेश को जंगल विहीन बनाने की दिशा में भाजपा का तानाशाही कदम बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की साय सरकार ने हसदेव वन की 1,742.60 हेक्टेयर भूमि को एक और कोयला ब्लॉक के लिए हस्तांतरित कर दिया है। जिसमें से 1,742 हेक्टेयर (99 प्रतिशत) घना जंगल है। इस वन भूमि के 6 लाख पेड़ों की कटाई अडाणी द्वारा किया जाएगा।



चंद्राकर ने कहा कि सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान को सालाना जितने कोयले की जरूरत है, वह पीईकेबी की चालू खदान से अभी कम से कम 15 साल तक पूरी हो सकती है। इसके बाद भी कोयला उत्खनन के लिए 1760 हेक्टेयर वन भूमि को दिया जाना सीधे अडाणी को लाभ पहुंचाने हेतु किया जा रहा अनैतिक कार्य है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रदेशवासियों के हित में नहीं केवल अडाणी के हित में कार्य कर रही है। प्रदेश में बारिश की निर्भरता हसदेव जंगल पर है। यदि इसे पूरी तरह नष्ट कर दिया गया तो छत्तीसगढ़ को भयावह परिणाम देखने को मिलेगा।

# देशवासियों को झूठ परोस कर गुमराह कर रहे राहुल : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक दिशाहीन नेता बताते हुए कहा कि विपक्षी नेता के पास सरकार के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं है और लगातार तीन बार सत्ता से बाहर रहने के कारण उसकी बौखलाहट और छटपटाहट साफ नजर आ रही है। देवेंद्र ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर उठाए जा रहे सवालों पर कहा कि राहुल के पास अपने आरोपों को मजबूत करने के लिए कोई तथ्य या साक्ष्य है तो उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। लेकिन, वे ऐसा इसलिए नहीं कर रहे क्योंकि वे जानते हैं, कि चुनाव आयोग व केंद्र सरकार पर झूठे आरोप लगाकर वे जनता को गुमराह तो कर सकते हैं, लेकिन अदालत को नहीं। अदालत में उनके सारे आरोप निराधार साबित होंगे



और जनता के सामने वे बेनकाब हो जाएंगे।

देवेंद्र ने कहा कि असली वोट चोरी तो जवाहर लाल नेहरू ने की थी। जब सरदार वल्लभ भाई पटेल को 14 वोट मिले और नेहरू को सिर्फ 1 फिर भी नेहरू को विजयी घोषित कर दिया गया। नेतृत्व की कसौटी पर सबसे ऊंचा नाम सरदार पटेल का था। लेकिन, कुर्सी की राजनीति में जीत गए नेहरू और वोट मैनेजमेंट की परंपरा शुरू हुई। अब जब लगातार केंद्र की सत्ता हाथ से निकल रही है तब राहुल गांधी सहित पूरा विपक्ष अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। वे चुनाव आयोग के खिलाफ गलत आरोप लगाने और संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने से भी पीछे नहीं हट रहे। राहुल गांधी झूठ फैलाकर देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। राहुल गांधी इस समय मुद्दे को राजनीतिक बहस के दायरे में रखकर इसका फायदा उठाना चाह रहे हैं, जबकि चुनाव आयोग इसे कानूनी और तथ्यात्मक आधार पर चुनौती दे रहा है। यदि, राहुल गांधी सत्य बोल रहे हैं तो उन्हें कोर्ट में जाकर अपना आरोप साबित करना चाहिए। लेकिन, वे ऐसा ना कर मीडिया के गलत जानकारी परोस कर देशवासियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

# तिरंगा यात्रा की तैयारियों के लिए कार्यशाला हर घर तक पहुंचेगा तिरंगे का संदेश



**पिथौरा (ग्रामीण)**। ग्रामीण मंडल के तत्वावधान में ग्राम कौहाकुड़ा में तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक और जनसंपर्क से परिपूर्ण बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यशाला में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि हर घर तक तिरंगे का संदेश पहुंचाया जाएगा और तिरंगा यात्रा को जनभागीदारी से सफल बनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी दुबेलाल साहू, प्रेमशंकर पटेल, सेटराम पटेल, मंडल अध्यक्ष डॉ. नीलकंठ साहू, महामंत्रीद्वय लोकेश पटेल, नकुल यादव, कृष्ण कुमार राणा, महारथी साहू, सीताराम ठाकुर, रेवाराम पटेल, जाम सिंह दीवान, विष्णु साहू, कृष्ण कुमार ध्रुव, सुदर्शन साहू, रवि सिन्हा, सत्यानंद यादव, जयंती सिंदार, शुशील क्रांति पटेल, छबि पटेल, छन्नू साहू, जुगल किशोर साहू, प्रदीप साहू, जाम सिंह दीवान, खेदू पटेल, नील सिंह, ओमकुमार ठाकुर, घना राम साहू, सूरज साहू, नरेश, गणेश, देवनाथ दीवान, अवध राम साहू, घनश्याम आदि मौजूद रहे।

# बेमचा स्कूल के पूनम शाला नायक एवं आनंद सचिव मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिये प्राचार्य एस एल पाटकर के सरंक्षण में छात्र परिषद चयन समिति तुलेंद्र सागर, नवीन चंद्राकर, महेश्वरी साहू, गंगा बंजारे व्याख्यातागण के नेतृत्व में विद्यार्थियों के वरिष्ठता एवं योग्यता के आधार पर सभी कक्षा के कैप्टन एवं उप कैप्टन से सहमति एवं विचार विमर्श उपरांत वरिष्ठता के आधार पर मनोनय कर विद्यालय छात्र परिषद का गठन किया गया, जिसमें पूनम चंद्राकर शाला नायक, उप शाला नायक पुष्कर साहू, सचिव आनंद कुर्रे, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक सचिव पलक निर्मलकर, कीड़ा सचिव वर्षा कोसरे, अनुशासन सचिव प्रह्लाद चंद्राकर एवं मनीष ध्रुव, ईको क्लब सचिव वृषभ सोनटके, रेडक्रॉस सचिव श्रद्धा चंद्राकर, विज्ञान क्लब सचिव दामिनी वर्मा, कृषि क्लब सचिव यामिनी यादव, मीडिया प्रभारी डागेश्वर मानिकपुरी, निर्धन छात्र प्रतिनिधि सृष्टि बांधे, भूगोल परिषद सचिव अनुकंपा केरकेट्टा, वाणिज्य परिषद सचिव भुनेश्वर चंद्राकर, गाइड सचिव तेजेश्वरी ध्रुव, स्वच्छता प्रभारी सचिव सिमा निर्मलकर, अंग्रेजी क्लब वैभव चौहान का मनोनयन किया गया।

इसी तरह से प्रत्येक कक्षा के मॉनिटरिंग के लिए कक्षा प्रतिनिधि एवं उप प्रतिनिधि 12वीं ए से तेजेश्वरी ध्रुव व डागेश्वर मानिकपुरी, 12वीं बी से पूजा निषाद व दामिनी वर्मा, 12वीं सी से लोकेश्वर निर्मलकर व कविता निर्मलकर, 11वीं ए से तरुण ध्रुव व मीनाक्षी चंद्राकर, 11वीं बी से यामिनी यादव व दिव्या यादव, 11वीं सी से श्रद्धा चंद्राकर व पीयूष चंद्राकर, 10वीं ए से राजेन्द्र व बरखा चंद्राकर, 10वीं बी सागर सेन व द्रोपती साहू, 10वीं सी से ममता साहू व गोपी चंद्राकर 9वीं ए से डिंपल विश्वकर्मा



व हर्षिता साहू, 9वीं बी से अंकित कुर्रे व अंजलि टंडन एवं 9वीं सी से सानिया साहू व देवकुमारी का मनोनयन किया गया। नवगठित छात्रसंघ परिषद के सभी पदाधिकारी को पद व कर्तव्य का शपथ दिलाकर शाला के उन्नति व प्रगति में सहयोग करने का आह्वान किया।

**खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन** : राज्य स्तरीय बाल बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता भिलाई में आयोजित हुआ। जिसमें स्कूल के खिलाड़ी बच्चों ने डॉ सेवनदास मानिकपुरी के मार्गदर्शन में सहभागिता कर बालक वर्ग प्रथम व बालिका वर्ग तृतीय स्थान प्राप्त कर जिला का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में प्राप्त ट्राफी को खिलाड़ियों ने प्राचार्य सौंपे। साथ ही स्कूल के 4 बच्चों का राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता तमिलनाडु के लिए चयन भी हुआ है। इस उपलब्धि पर समस्त स्टाफ व बच्चों ने हर्ष जताया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तुलेंद्र सागर ने किया। इस अवसर पर शिक्षक पीके ध्रुव, वाय एस बलिहार, नवीन चंद्राकर, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, डॉ सेवनदास मानिकपुरी, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, कार्यालयीन स्टॉप में शकुंतला सोनी, सुषमा सागर मौजूद रहे।

# चारागाह और श्मशान की जमीन पर उद्योग स्थापना का विरोध

**महासमुंद**। भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कलेक्टर को पत्र लिख कर विरोध करते हुए आपत्ति जताई। और आगे अपने पत्र में कहा शासकीय भूमि को पंचायत के बिना प्रस्ताव के मनोरमा इंडस्ट्री को दिए जाने का विरोध करते हुए ग्राम पंचायत बिरकोनी के चारागाह और श्मशान घाट की भूमि को उद्योग को देने पर ग्रामीण आक्रोशित हैं, जबकि मनोरमा इंडस्ट्री 100 साल पुरानी चुहरी तालाब को कृषि भूमि बताकर पहले ही खरीद चुके हैं। इसके लिए बकायदा शासन से स्टांप ड्यूटी में उद्योग के नाम पर 58 लाख से ज्यादा का छूट भी ले चुके हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, ग्राम पंचायत बिरकोनी के औद्योगिक क्षेत्र से दूर खसरा नंबर 2435, 2436, 2619, 2620, 2616, 2614 रकबा क्रमशः 1.72, 0.45, 0.22, 10.95, 0.12 हेक्टेयर कुल खसरा 06, कुल रकबा 3.48 हेक्टेयर भूमि शासन के मद में दर्ज है। इसे जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग महासमुंद को हस्तांतरण किए जाने के लिए तहसीलदार न्यायालय से 23 जुलाई को दावा आपत्ति के लिए ईश्तहार जारी किया गया था। इसकी भनक लगते ही सैंकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर से मनोरमा इंडस्ट्री को भूमि दिए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई है।

**ग्रामीणों के विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रस्तावित है जमीन**

ग्रामीणों ने बताया कि खसरा नंबर 2485 में चारागाह भूमि है, 2620 में श्मसान भूमि है। साथ ही उपरोक्त भूमि पर जिला मॉडल गौठान के तहत रीपा प्रोजेक्ट का कार्य किया गया है। ग्रामीणों के विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए खसरा नं 2435 को ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित किया गया है। इसी भूमि के कुछ भाग पर मनरेगा के तहत चारागाह का निर्माण भी किया गया है, जो ग्रामवासियों का निस्तारी का एक मात्र साधन है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी प्रकार से मनोरमा इंडस्ट्री को सरकारी भूमि नहीं देना चाहते हैं। यह जमीन हमारे निस्तारी और मुक्तिधाम के लिए है। इस मामले में कलेक्टर को पत्र लिखकर जनहित को देखते हुए तत्काल रोक लगाने का मांग किया।

## खबर संक्षेप



### परसुली सोसाइटी में लगा शिविर

**नर्रा।** प्राथमिक साख सहकारी समिति परसुली परिसर सोमवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नर्रा क्षेत्र के गांवों के किसान उपस्थित रहे। शिविर में कृषि विस्तार अधिकारी राकेश आर्य ने जिन किसनों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का राशी खाते में नहीं आने के कारण बताकर सुधार किया गया। कृषक कार्ड भी बनाया गया। इस दौरान प्राधिकृत अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य लोचन पटेल, कृषि विस्तार अधिकारी राकेश आर्य, समिति प्रभारी राजेश पटेल किसान तुलाराम पटेल, सिरी यादव पतिराम घनश्याम, आनंद पांडे गणेश निषाद, बिसाहू आदि मौजूद रहे।



### सीएचसी बसना में लगा हेल्थ कैंप

**महासमुंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में मेंटल हेल्थ फिक्स डे कैंप आयोजित किया गया। जहां 35 मानसिक मरीजों में देखा गया। जिसमें मुख्यतः 18 साइकोसिस, 5 बाईपोलर, 6 डिप्रेशन, 3 ऐंजाइटी, 1 सीजर, 2 एल्कोहल एडिक्सन विथड्रॉल को निदान कर निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। डॉ नारायण साहू बीएमओ, ढोलचंद नायक बीपीएम व स्टॉफ का सहयोग रहा। मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लिनिक से डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, रामगोपाल खूंटे साइकेट्रिक सोसल वर्कर व टेकलाल नायक मानिटरिंग व स्टॉफ के साथ मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया।

### मोर तिरंगा मोर अभियान का आयोजन

**महासमुंद।** भाजपा प्रदेश एवं जिला नेतृत्व क़े आह्वान पर भाजपा शहर मंडल महासमुंद द्वारा देश में आयोजित 2 अगस्त से 15 अगस्त तक मोर तिरंगा मोर अभियान कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया था जिसमें मंडल प्रभारी एवं पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान भाजपा जिला अध्यक्ष एतराम साहू एवं मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका संपन्न हुआ। जिसमें शक्ति केंद्र बूथ एवं वार्डों में तिरंगा यात्रा व घर-घर तिरंगा झंडा लगाने के विषय पर बैठक कर रूपरेखा तैयार किया गया। प्रमुख रूप से बैठक में मंडल महामंत्री मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना साहू, राजू चंद्राकर, एमआर विश्वनाथन, लाल विजय सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, पार्षद शुभ्रा शर्मा, सीता डांडेकर, सुनैना पप्पू ठाकुर, माखन पटेल, पीयूष साहू, मनीष शर्मा, अमन वर्मा, नंदू जलक्षत्री हिमांशु चंद्राकर, आकाश पांडे, मधु यादव, भगवती करकसे, दुर्गा, नईम खान, पांडू राम, शरद मराठा, मसूद खान आदि मौजूद रहे।

# गौधाम योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी सशक्त, रोजगार के नए अवसर होंगे सृजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने एवं पशुधन संरक्षण को नई दिशा प्रदान करने के लिए गौधाम योजना की शुरुआत करने जा रही है। इससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। साथ ही पशुधन की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

इस संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि यह महत्वाकांक्षी योजना न केवल पशुधन की सुरक्षा एवं नस्ल सुधार को बढ़ावा देगी बल्कि जैविक खेती, चारा विकास और गौ-आधारित उद्योगों के माध्यम से गांव-गांव में रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। योजना का स्वरूप इस तरह तैयार किया गया है कि निराश्रित एवं घुमंतू गौवंशीय पशुओं की देखभाल के साथ-साथ चरवाहों और गौसेवकों को नियमित आय का स्थायी स्त्रोत उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक स्थिरता एवं आत्मनिर्भरता प्राप्त हो सकेगी। गौधाम योजना के ड्राफ्ट को वित्त एवं पशुधन विकास विभाग से भी मंजूरी प्राप्त हो चुकी है। पशुधन विकास विभाग ने यह योजना विशेष रूप से तस्करी या अवैध परिवहन में पकड़े गए पशुओं और घुमंतू पशुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार की है।



**चरवाहों और गौसेवकों को मिलेगा मानदेयः** इस गौधाम योजना के अंतर्गत चरवाहों को प्रतिमाह 10,916 रुपए और गौसेवकों को 13,126 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इसके साथ ही मवेशियों के चारे के लिए भी प्रतिदिन निर्धारित राशि प्रदान की जाएगी। उत्कृष्ट गौधाम को वहां रहने वाले प्रत्येक पशु के लिए पहले साल 10 रुपए प्रतिदिन, दूसरे वर्ष 20 रुपए प्रतिदिन, तीसरे वर्ष 30 रुपए प्रतिदिन और चौथे वर्ष 35 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से राशि दी जाएगी। योजना के लिए बजट, नियम और शर्तें तय कर दी गई हैं ताकि संचालन में किसी तरह की परेशानी न हो।

### सुविधाओं के अनुसार गौधाम की स्थापना

ऐसी शासकीय भूमि, जहां सुरक्षित बाड़ा, पशुओं के शेड, पर्याप्त पानी और बिजली की सुविधा उपलब्ध हो वहीं गौधाम की स्थापना की जाएगी। जिन गौठानों में पहले से अधोसंरचना विकसित है वहां उपलब्धता के आधार पर गौठान से सटे चारागाह की भूमि को हरा चारा उत्पादन के लिए दिया जाएगा। इसके अलावा अगर आसपास की पंजीकृत गौशाला की समिति संचालन के लिए असहमति व्यक्त करती है तो अन्य स्वयंसेवी संस्था, एनजीओ, ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी या सहकारी समिति संचालन के लिए आवेदन कर सकेगी।

## कार्यक्रम : समवशरण के तपस्वियों के लिए उत्तर पारणा का आयोजन

# तपस्वियों के बहुमान में जैन संघ ने करवाया पारणा सह उत्तर पारणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सहजानंदी चातुर्मास 2025 के अंतर्गत विवेकसागर मसा एवं शासनरत्नसागर मसा की पावन निश्रा में महासमुंद में तपस्या की धूम है। जैन श्री संघ नें सोमवार को शांतिनाथ भवन में आत्मशोधन व कर्मविजय तप के तपस्वियों का पारणा एवं अक्षय निधि, विजय कसाय व समवशरण के तपस्वियों के लिए उत्तर पारणा का आयोजन रखा था। जिसमें शांतिनाथ भवन को राजस्थान के रूप में सजाया गया था। संघ के अध्यक्ष राजेश लूनिया के नेतृत्व में प्रवेश द्वार में सभी आगंतुक तपस्वियों का ट्रस्टी एवं कार्यकारिणी द्वारा तिलक लगाकर, बैच लगाकर एवं इत्र छिड़ककर स्वागत किया गया। सभी के हाथों में शगुन की मेहंदी लगाई गई। सभी को कृत्रिम रूप से बने राजस्थान की सैर कराई गई। फिर ससम्मान सभी को ऊपर हाल में बैठाकर पारणा कराया गया। भामाशाह बन कर आए प्रक्षाल चोपड़ा ने सबको ससम्मान विराजित करवा कर अपने हाथो से प्रभावना प्रदान किया। इस कार्यक्रम की संयोजिका नेहा लुनिया और निधि झाबक ने बताया कि उत्तर पारणा का यह कार्यक्रम महासमुंद में पहली बार आयोजित किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि कल से





अक्षय निधि आदि तप की तपस्या प्रारंभ हो रही है, जो कि आगामी सोलह दिन तक अनवरत रहेगी।

स्थानीय वल्लभभवन में निरंतर जिनवाणी की वर्षा अनवरत जारी है, जहाँ विवेकसागर महाराज ने कहा कि हम बाहर की सफाई पर जोर देते हैं, बाहर से अच्छा बनने की कोशिश करते हैं, पर समझदार व्यक्ति ही अंदर के दोषों को घटाता है। सबसे बड़ा दोष है हिसाब किताब करना। कई लोग किसी को की गई मदद गिनाते हैं, अपने सत्कार्य का लेखा-जोखा रखते हैं। हमें लगता है कि संसार में सुख है इसीलिए मृग मरीचिका की भाँति दौड़ लगाते हैं, पर शांति नसीब नहीं होती। अगर इन सबसे बचना है तो लिस्ट बनाए, रोज सुबह जल्दी उठें, तामसिक भोजन का त्याग करें, संवेदनशीलता अपनाएं। क्योंकि संवेदनशील व्यक्ति में ही धर्म उपजता है। जैसे माँ की संवेदना बच्चे के प्रति होती है, वैसे ही परमात्मा के प्रति संवेदना लाएं। गंभीर व्यक्ति बात को पचाते हैं, और जो चंचल होते हैं वे सबको बताते फिरते हैं। छोटी-छोटी संवेदनाओं को समझें। अगर पंचेन्द्रीय के प्रति संवेदना नहीं है तो इसका मतलब आपके अंदर धर्म नहीं है। दीन दुखियों की मदद करें, उन्हें अकेला ना छोड़ें। शांतिनाथ भगवान, जिनके नाम स्वरूप धारण करने से अथवा स्मरण करने से व्यक्ति का जीवन बदल जाता है। साधु का ड्रेस नहीं बदलता और श्रावक का एड्रेस नहीं बदलता। उन लोगों से मित्रता रखें जो आपकी आत्मा के उत्थान की बातें करें। तपस्वी को देखकर हमें अहोभाव जगाना चाहिए। शासनरत्नसागर के अवतरण दिवस पर उन्होंने कहा कि आत्मा का कभी भी जन्म नहीं होता।

पर्व दो तरह के होते हैं लौकिक और लोकोत्तर। जिनशासन में बताए गए पर्व लोकोत्तर हैं, और जो नहीं बताए गए हैं वे लौकिक हैं। लौकिक पर्व में रक्षाबंधन भाई को अपने कर्तव्यों को याद दिलाता है। आज परमात्मा को राखी बांधे, ताकि अपनी आत्मा के उत्थान के लिए जो माँगो वो आपको मिलेगा। आज उस परम व्यक्ति से संबंध जोड़े जन्मों जन्म तक, क्योंकि रिश्ता निभाने वाले सिर्फ परमात्मा हैं। रक्षाबंधन लौकिक होकर भी लोकोत्तर है । ये पर्व है आस्था और विश्वास का। बहन अपने भाई को राखी के रूप में पवित्रता का रिश्ता बांधती है, क्योंकि ये सुरक्षा का चक्र है शक्ति का कवच है। पर आज हम इच्छाओं की जेल में बंद हैं। आज अनादीकाल से हम काया से बंधे हुए हैं। आत्मा सर्वभूतेशु नियम मंथन में अपनी रक्षा का नियम लें। अपनी बहन की रक्षा का नियम लें। इसी अवसर पर रविवार को राजुल की संवेदना नेमी के नाम कार्यक्रम का सुंदर आयोजन किया गया, जिसे स्थानीय श्राविका श्रीमती ललिता बरडिया ने बड़े भावुक अंदाज़ में प्रस्तुत किया। उन्होंने नेमिनाथ भगवान के साथ किस प्रकार राजुल ने भी संयम जीवन अंगीकार कर लिया और राजुल के क्या भाव पैदा हुए उसका सजीव वर्णन बड़ी ख़ूबसूरती से करके सबका मन मोह लिया। यह जानकारी संघ के सचिव सीए रितेश गोलछा ने प्रदान की।

# आदिवासी समाज की परंपराएं, संस्कृति और योगदान हमारी धरोहरः चातुरी



**सरायपाली (ग्रामीण)।** मंडी परिसर में सर्व आदिवासी समाज द्वारा आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह में विधायक चातुरी नंद और पूर्व मंत्री देवेंद्र बहादुर सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा आदिवासी समाज के इष्टदेव बूढ़ा देव की पूजा-अर्चना से की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि आदिवासी समाज की परंपराएं, संस्कृति और योगदान हमारी धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने समाज की एकजुटता और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहने का संकल्प भी व्यक्त किया। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री देवेद्र बहादुर सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में आदिवासी समाज को एकजुट होकर अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ने की बात कही। कार्यक्रम में आदिवासी समाज की बच्चियों ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुतियां दी और खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि जनपद सदस्य घसिया सिदार, पूर्व पार्षद सुरेश भोई आदिवासी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पीएम जनमन बसाहटों में हर घर जल योजना की समीक्षा

**महासमुंद।** पीएम जनधन योजना अंतर्गत जिले के 75 कमार बसाहटों में हर घर जल योजना प्रमाणीकरण की समीक्षा की। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक में कहा कि जिन स्थानों पर जल स्रोत उपलब्ध हैं, वहां तत्काल कार्य प्रारंभ कर योजनाओं को चालू किया जाए। वहीं, जहां स्रोत उपलब्ध नहीं हैं, वहां विभाग को वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। लंगेह ने कहा कि हर घर जल पहुंचना जरूरी है, सभी को स्वच्छ जल पहुंचाना शासन की प्राथमिकता में शामिल है। जितने बसाहटों में जल प्रदाय कार्य प्रारंभ हो चुका है, उन्हें प्रमाणीकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम जनमन योजना शासन की सबसे महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता वाली येजना है। यहां किसी भी तरह के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन गांवों में स्त्रोत का अभाव है, वहां पुनः नया प्रपोजल दें। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि 75 बसाहटों में से 25 में सभी घरों में पेयजल पहुंचाया जा रहा है। वहीं 18 बसाहटों को पूर्ण प्रमाणीकरण किया गया है। उल्लेखनीय है कि पीएम जनमन अंतर्गत बागबाहरा में 33, महासमुंद में 40 एवं पिथौरा में 02 ग्राम है जिनमें 923 परिवार निवासरत हैं। जल जीवन योजना की समीक्षा कार्य योजना बनाकर प्रगति की जानकारी दें साथ ही कहा कि प्रत्येक माह जल जीवन के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय, सभी क्रियान्वयन एजेंसी सहित पी एच ई के अधिकारी मौजूद रहे।

# खम्हरिया में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ख़म्हरिया में सत्र 2023-24 में हाई एवं हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पन्नालाल चंद्राकर सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा जशपुर मूल निवासी ग्राम खम्हरिया द्वारा अपने माता पिता स्वर्गीय सेवाराम चंद्राकर एवं स्वर्गीय अलेना चंद्राकर की पावन स्मृति में प्रेरणा स्वरूप सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पन्नालाल चंद्राकर, अध्यक्षता सुलोचना अरुण चंद्राकर सरपंच, विशिष्ट अतिथि रेखलाल चंद्राकर, पुकलाल चंद्राकर, दौलत राम सिन्हा,मोतीलाल चंद्राकर, राम बिशन बंछोर, रमेश राजपूत



उपस्थित थे। चंद्राकर द्वारा सन 2011-12 से विद्यालय के प्रावीण्य सूची में बोर्ड परीक्षाओं में 12वीं, 10वीं, 8वीं तथा 5वीं में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के आसंदी से अपने संबोधन में विद्यार्थियों से कड़ी मेहनत कर संकल्पित होकर पूर्ण लगन एवं ईमानदारी से अपने लक्ष्यों को हासिल करने की बात कही। सम्मान समारोह में विद्यालय से नारायण चौधरी, रंजना ध्रुव, अंजू नामदेव, सृष्टि साहू, दीप्ति शर्मा, धनेश्वरी साहू, ममता राजकमल, तारिणी ध्रुव, मोनिका साहू, संकुल समन्वयक चुम्मन लाल जगत, जीवनलाल सिन्हा, रानीगिरी गोस्वामी, रोहित ठाकुर, ख़ेमलता पटेल, गीता दीवान, दामिनी देवांगन, राजेश साहू, रमेश, कमलेश, मोहित यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीप्ति शर्मा व्याख्याता ने तथा धन्यवाद संबोधन प्राचार्य नारायण चौधरी द्वारा किया गया।

# खल्लारी की कार्यशाला में तिरंगा यात्रा पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

भारतीय जनता पार्टी नेता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा प्रदेश जिला के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति तिरंगा यात्रा का बैठक भाजपा मंडल खल्लारी के राजमाता खल्लारी के प्रांगण मंगल भवन खल्लारी में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप से ऐतराम साहू भाजपा जिलाध्यक्ष महासमुंद, भाजपा मण्डल कार्यक्रम प्रभारी तिरंगा यात्रा के रूप से नरेश चंद्राकर, थानसिंह दीवान भाजपा जिला कोषाध्यक्ष महासमुंद, भुवन लाल साहू कार्यक्रम संयोजक, लोकेश पनुरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष खल्लारी, धरम दीवान पूर्व



मंडल अध्यक्ष खल्लारी की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ।

बैठक में तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए माननीय भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, कार्यक्रम मंडल प्रभारी तिरंगा यात्रा नरेश चंद्राकर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

बैठक में सुजीत साहू मंडल महामंत्री, ताराचंद देवांगन मंडल महामंत्री, हृदय ध्रुव, जनसंघ नेता संतराम पटेल, भूषण नामदेव, पंकज चंद्राकर, अशोक साहू, यादराम साहू, खोमन साहू मंडल उपाध्यक्ष, संजय साहू मंडल उपाध्यक्ष, रेखराज चंद्राकर मंडल उपाध्यक्ष, भुनेश्वर लोधी मंडल कोषाध्यक्ष, खिलेश साहू मिडिया प्रभारी, चुकेश्वरी दीवान मंडल मंत्री, पदुम साहू अध्यक्ष ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झारा, कल्पना सिन्हा, सिन्हा महिला मोर्चा अध्यक्ष, आकाश चंद्राकर, पुरन सबर अनुसूचित जाति अध्यक्ष, हीरा साहू, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री, शंकर नेताम, कीर्तन साहू, पुष्पेंद्र साहू सरपंच ग्राम खल्लारी, भेखराम बघेल सरपंच ग्राम पंचायत भीमखोज प्रकाश चंद्राकर, चंद्रशेखर साहू, सहित भाजपा के सभी देवतुल्य कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण सहकारी समिति अध्यक्षगढ़, शाला विकाश समिति के अध्यक्ष गढ़, समस्त पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### जिले के एक लाख 40 हजार से अधिक सामान्य और कमजोर वर्ग के उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए हॉफ बिजली बिल योजना में संशोधन करते हुए अब 100 यूनिट तक की मासिक खपत पर 50 प्रतिशत रियायत देने का निर्णय लिया गया है। अधीक्षण अभियंता (वृत्त) वाय के मनहर ने बताया कि पुनरीक्षित योजना से महासमुन्द जिले के लगभग एक लाख 40 हजार 393 सामान्य और कमजोर वर्ग के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। जिले के 56 हजार 501 बीपीएल परिवारों को पूर्ववत 30 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलती रहेगी, साथ ही वे हॉफ बिजली बिल योजना के अन्य लाभों के भी पात्र बने रहेंगे। जिले में अब तक 2759 आवेदन प्राप्त हुए हैं। 2006 उपभोक्ताओं ने वेंडर का चयन कर लिया है। 319 घरों में सोलर प्लांट स्थापित कर निरीक्षण पूर्ण हुआ है एवं 230 हितग्राहियों को सब्सिडी का भुगतान भी किया जा चुका है।

# मतदाता सूची में हो रही गड़बड़ियों पर राहुल ने जताई चिंता

**महासमुंद।** गांधी कांग्रेस भवन महासमुंद में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता का सीधा प्रसारण किया गया। इस प्रेस वार्ता में गांधी ने चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में हो रही गंभीर गड़बड़ियों पर गहन चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कई राज्यों से यह रिपोर्ट सामने आई है कि मतदाता सूची में हजारों-लाखों नाम बिना उचित कारण के हटा दिए गए हैं, जबकि कई स्थानों पर एक ही व्यक्ति के नाम दो-दो, तीन-तीन बार दर्ज पाए गए हैं। यह न केवल चुनावी प्रक्रिया की साख को कमजोर करता है बल्कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की गारंटी पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। गांधी ने कहा कि मतदाता सूची में बार-बार की जा रही त्रुटियाँ लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर आघात करती हैं और



यह मतदाताओं के अधिकारों का हनन है। उन्होंने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि इस मामले में तत्काल कार्रवाई कर दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि आगामी चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सकें। कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के विचारों का समर्थन करते हुए मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने की माँग दोहराई। कार्यक्रम के दौरान सभी ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु सतर्क और सक्रिय रहने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष एवं पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, आलोक चंद्राकर पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, संजय शर्मा पूर्व प्रभारी महामंत्री, लक्ष्मी देवांगन पूर्व सदस्य छत्तीसगढ़ शासन, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, शाहबाज रजवानी एनएसयूआई, नितेंद्र बैनर्जी, हुलास गिरी गोस्वामी पूर्व अध्यक्ष, पूर्व पार्षद तुलसी साहू, मिंदर चावला, पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, राजा सोनी, सचिन गायकवाड़, सोनम रामटेके, मोती साहू, लीलू साहू, डॉ.एजाज नकवी, रवि साहू, विनोद युगर, दिनेश दुबे, सन्नी महानंद, बसंत चंद्राकर, सागर डोंगरे, तुलसी देवदास, भानु सोनी आदि मौजूद रहे।




